छत्तीसगढ़ शासन
सामान्य प्रशासन विभाग
(सूचना का अधिकार प्रकोष्ठ)
::मंत्रालय::
महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर
——00——

क्रमांक एफ 7—1/2021/1—13 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 03/08/2022

प्रति,

अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/
सचिव/ विशेष सचिव (स्वतंत्र प्रभार)
छत्तीसगढ़ शासन
समस्त संभागायुक्त
समस्त कलेक्टर
समस्त विभागाध्यक्ष
छत्तीसगढ़

विषय :— सामान्य प्रशासन विभाग की आर.टी.आई पोर्टल में पदनामित जनसूचना अधिकारी एवं प्रथम अपीलीय अधिकारी का स्व—पंजीयन बाबत्।

संदर्भ :— इस कक्ष का समसंख्यक पत्र दिनांक 29.01.2022, 07.03.2022, 13.04.2022 एवं 08.06.2022

——00——

उपरोक्त विषयांर्गत संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग के आरटीआई पोर्टल में प्राप्त होने वाले आवेदनों के संबंध में आपके अधीनस्थ विभाग एवं मैदानी क्षेत्र के कार्यालयों में पदनामित जनसूचना अधिकारी एवं प्रथम अपीलीय अधिकारी का आर.टी.आई पोर्टल URL - https://rtionline.cg.gov.in पर सभी संबंधितों के द्वारा दिनांक 25.04.2022 तक स्व—पंजीयन किये जाने हेतु निर्देश जारी किये गये है।

2/ इस संबंध में छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग द्वारा अवगत कराया गया है कि जनसूचना अधिकारियों एवं प्रथम अपीलीय अधिकारियों के पंजीयन का कार्य हो रहा है, किन्तु यह कार्य अत्यन्त धीमी गति से हो रहा है। इस हेतु तैयार वेबसाईट rtionline.cg.gov.in में देखने में यह पाया गया कि दिनांक 29.07.2022 की स्थिति में 2203 जनसूचना अधिकारी द्वारा स्व पंजीयन किया गया जिसमें से 1056 ऑन—बोर्डिंग फार्म पूर्ण रूप से भरे है। 452 ऑन—बोर्डिंग फार्म प्रथम अपीलीय अधिकारियों द्वारा स्वीकृत किया गया है। वर्तमान में नोडल अधिकारी के पास 311 तथा प्रथम अपीलीय अधिकारी के पास 188 ऑन—बोर्डिंग फार्म स्वीकृत हेतु लंबित है।

3/ अतः पुनः समस्त विभागों/कार्यालयों को निर्देशित किया जाता है कि आप अपने विभागों एवं अधीनस्थ कार्यालयों के जनसूचना अधिकारी/प्रथम अपीलीय अधिकारियों का स्व—पंजीयन/अनुमोदन वेबसाईट https://rtionline.cg.gov.in में नहीं किया गया हो, तो तत्काल करे एवं किसी भी प्रकार की कठिनाई आने पर आपके कार्यालयों में स्थित एनआईसी से संपर्क कर स्व—पंजीयन की कार्यवाही पूर्ण करने का कष्ट करे।

(मेरी खेस्स)
उप सचिव,
छत्तीसगढ़ शासन,
सामान्य प्रशासन विभाग

O/C

...क्रमशः—2...

पृ. क्रमांक एफ 7–1/2021/1–13 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 03/08/2022

प्रतिलिपि–

1. सचिव, छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग, सेक्टर–19, नार्थ ब्लॉक, नवा रायपुर अटल नगर, जिला–रायपुर (छ.ग.) की ओर अर्द्धशासकीय पत्र क्रमांक–1274, दिनांक 21.07.2022 के संदर्भ में सूचनार्थ प्रेषित हेतु ।
2. विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, मुख्य सचिव कार्यालय, मंत्रालय, नवा रायपुर, अटल नगर की ओर उनके जावक क्रमांक–7871, दिनांक 25.07.2022 के संदर्भ में कृपया सूचनार्थ अग्रेषित।
3. राज्य सूचना अधिकारी, राष्ट्रीय सूचना केन्द्र (NIC), मंत्रालय नवा रायपुर, अटल नगर, जिला–रायपुर (छ.ग.) की ओर सूचनार्थ प्रेषित ।

dc

उप सचिव,
छत्तीसगढ़ शासन,
सामान्य प्रशासन विभाग